Roll No: .... Total No of Pages: - 04

Ist Professional B.A.M.S. Examination Batch- 2021
Main/Supp. Examination-2024

Subject		Padartha Vijnanam	
Paper		First	
Paper Code		AyUG-PV- I	
Time	3 Hours	Maximum Marks	100
		Minimum Pass Marks	50

Note: - All questions are compulsory. Marks of each question are indicated in front of them. Write answer of questions in sequence.
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सम्मुख अंकित है। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

Section - A

Multiple Choice Question

(बहुविकल्पीय प्रश्न) (20 × 1)=20

सर्वाधिक सही उत्तर का चयन करें।

1. शरीर को सड़ने (Putrefaction) से बचाये रखने के कारण, आयु का पर्याय है-

   (A) धारि (B) जीवित

   (C) अनुबन्ध (D) नित्यग

2. वैशेषिक दर्शन के अनुसार पदार्थों का क्रम है-

   (A) द्रव्य, गुण, कर्म, समवाय, सामान्य, विशेष

   (B) सामान्य, विशेष, द्रव्य, गुण, कर्म, समवाय

   (C), द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय

   (D) सामान्य, विशेष, गुण, द्रव्य, कर्म, समवाय

3. निम्नलिखित में सबसे सूक्ष्म (छोटा) काल है-

   (A) कला (B) मुहूर्त

   (C) मात्रा (D) अहोरात्र

4. श्रेष्ठता एवं प्रधानता का ज्ञान कराने वाला गुण है -

(A) आत्म गुण (B) परत्व

(C) अपरत्व (D) संस्कार

5. सुश्रुत के अष्टविध शस्त्रकर्मों में, गर्भाशय को काटकर निकाल देना (Hysterectomy) कर्म है-

(A) वेधन (B) आहरण

(C) भेदन (D) छेदन

6. "तुल्यार्थता हि सामान्यम"- किस प्रकार का सामान्य कहा गया है-

(A) द्रव्य सामान्य (B) गुण सामान्य

(C) कर्म सामान्य (D) अत्यन्त सामान्य

7. विशेष होता है-

(A) एकत्व बुद्धि का कारण (B) वृद्धि का कारण

(C) तुल्यार्थता में कारण (D) पृथकता में कारण

8. समवाय है-

(A) अयुतसिद्ध (B) नित्य

(C) अपृथग्भाव (D) तीनों

9. प्राग्भाव किसका भेद है-

(A) संसर्गाभाव का (B) अन्योन्याभाव का

(C) सर्वथाभाव का (D) एकत्वाभाव का

10. परमाणुवाद का सम्बन्ध किससे है-

(A) न्याय दर्शन (B) वैशेषिक दर्शन

(C) वेदान्त दर्शन (D) सांख्य दर्शन

11. सौषिर्य किस महाभूत का गुण है-

(A) वायु (B) अग्नि

(C) जल (D) आकाश

12. शारीर गुण है-

(A) परादि गुण (B) गुर्वादि गुण

(C) वैशेषिक गुण (D) आत्म गुण

13. संयोग-विभाग में स्वतंत्र कारण होता है-

(A) कर्म (B) द्रव्य

(C) गुण (D) मन

14. "सर्वदा सर्वभावानां सामान्यं वृद्धि कारणम्" किस प्रकार का सामान्य है-

(A) द्रव्य सामान्य (B) गुण सामान्य

(C) कर्म सामान्य (D) एक देश सामान्य

15. सामान्य-विशेष का आश्रय है-

(A) द्रव्य (B) गुण

(C) कर्म (D) तीनों

16. षड्-पदार्थों में साधर्म्य (समानता) है-

(A) आस्तित्व, ज्ञेयत्व एवं अभिधेयत्व का होना

(B) निर्गुणत्व एवं निष्क्रियत्व का होना

(C) संख्या में समानता का होना

(D) सभी का प्रारम्भ एक साथ होना

17. तम को दशम् द्रव्य किसने माना है-

(A) न्याय दर्शन (B) वैशेषिक दर्शन

(C) भाट्ट मीमांस (D) वेदांत दर्शन

18. न्याय दर्शन में पदार्थों की संख्या है-

(A) 12 (B) 24

(C) 17 (D) 16

19. जल महाभूत किस गुण की उपस्थिति के कारण तेजस् महाभूत से विशेष होता है-

(A) रूप (B) गुरूत्व

(C) संस्कार (D) संख्या

20. वाद-विद्या किस दर्शन का विषय है-

(A) वैशेषिक दर्शन (B) सांख्य दर्शन

(C) न्याय दर्शन (D) योग दर्शन

Section - B

Short Answer Question

(लघु उत्तरीय प्रश्न) (8 × 5)=40

21. सिद्धान्त परिभाषा एवं भेद
22. आयुर्वेद- एक स्वतंत्र मौलिक दर्शन
23. पञ्चीकरण
24. गुर्वादि गुणों की रोग निदान (Diagnosis) एवं चिकित्सा में उपयोगिता
25. अध्यात्मिक कर्म तथा स्वास्थ्य एवं रोगोत्पति में इनकी कारणता
26. विशेष-लक्षण एवं भेद
27. अभाव के पदार्थत्व को मानने एवं न मानने में तर्क
28. त्रिगुण

Section - C

Long Answer Question

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) (4 × 10)=40

29. दर्शनों का वर्गीकरण करते हुए उनके प्रमुख सिद्धान्तों/ वादों एवं विषय वस्तु का विस्तार से वर्णन कीजिये।
30. आत्मा के लक्षण, भेद तथा प्रकारों का वर्णन करते हुये आयुर्वेद में इसके महत्व एवं उपयोगिता का विस्तार से वर्णन कीजिये।
31. "सार्था गुर्वादयो बुद्धिः प्रयत्नान्ता परादयः। गुणाः प्रोक्ता........।" उक्त श्लोग की व्याख्या स्पष्ट करते हुये परादि गुणों की आयुर्वेद में उपयोगिता का वर्णन करें।
32. सामान्य एवं विशेष के सन्दर्भ में आयुर्वेदिक एवं दार्शनिक पक्ष रखते हुए रोग निदान तथा चिकित्सा के क्षेत्र में इसकी उपयोगिता व महत्व को प्रतिपादित करें।

•••••